## खबर संक्षेप



### खितौली विद्यालय में कैरियर काउंसलिंग मेले का आयोजन

**बरही।** तहसील अंतर्गत ग्राम खितौली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में म.प्र. शासन शिक्षा विभाग एवं लोक शिक्षण संचालनालय समग्र शिक्षा विभाग के निर्देशन पर कैरियर काउंसलिंग मेला का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी ने अपने उद्बोधन में अपने कार्यकाल में प्राइवेट व शासन की सेवाएं के लिए किए गए परिश्रम को साझा किया एवं बच्चों को विषय चयन परिश्रम लक्ष्य निर्धारण आदि पर प्रकाश डाला। कन्या हाई स्कूल प्राचार्य गुप्ता ने कृषि क्षेत्र विकास उपलब्धता कैरियर में प्रकाश डाला। बैंक प्रबंधक नागवंशी ने बैंकिंग सेवाएं में गणित संचय में कैरियर बना सकते हैं। मंडल अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा अपना विषय चयन करें की हमें क्या करना है। क्षमता अनुसार कैरियर में सफलता जरूर मिलेगी। कार्यक्रम में खितौली उप थाना प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल, इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक अशोक नागवंशी, वन क्षेत्र बीटी आर बांधवगढ़ स्वस्ति जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी, प्राचार्य बृजेश कुमार चौधरी, कन्या हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य शिवशंकर गुप्ता सहित शिक्षक एवं विद्यार्थीयों की मौजूदगी रही।

### यूजीसी कानून के विरोध में बैठक आयोजित



**बड़वारा।** सरकार द्वारा लाये गए यूजीसी कानून से स्वर्ण जातियों के साथ अन्याय व शोषण करने की नीति बनाई जा रही है। स्वर्ण जाती के छात्र छात्राएं जिन शिक्षा संस्थानों में अध्ययन करने जाएंगे वहां उनके साथ यूजीसी कानून की आड़ में दमन किया जाएगा। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि इस कानून का पुरजोर विरोध किया जाएगा। बैठक में आगामी रणनीति बनाने विचार विमर्श किया गया। इनकी रही उपस्थिती- पीडी गर्ग,सतीश द्विवेदी, संतोष दुबे, अज्जू सोनी,दिनेश गुप्ता, महेंद्र नायक,पुष्पराज गुप्ता, विनोद गुप्ता, संतोष गुप्ता, राजनारायण निगम उर्फ टेमल, गुल्लू गुप्ता एवम ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### श्रीमद भागवत महा पुराण एवं पंच कुंडीय विष्णु यज्ञ आज से

**बड़वारा।** लखाखेरा ग्राम में श्रीमद् भागवत महापुराण एवं पंच कुण्डीय विष्णु यज्ञ का आयोजन आज 30 जनवरी से प्रारंभ होगा जो 6 फरवरी तक चलेगा। यह आयोजन श्री सिद्ध बाबा नवगृह वाटिका, लखाखेरा में होगा। पं. नितिन देव महाराज राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री चित्रकूट धाम के मुखारबिंद से कथा का वाचन किया जाएगा। 30 जनवरी को भव्य कलश यात्रा- कथा महात्म्य, प्रायश्चित, स्नान, जल यात्रा, 31 जनवरी को कुंती स्तुति, परीक्षित श्राप कथा एवं श्रष्टि वर्णन- पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश, आशीर्वाद वरण, 01 फरवरी को सती चरित्र, ध्रुव, जड़ भरत एवं प्रहलाद चरित्र- पीठादि निर्माण, मंडप पूजन, 2 फरवरी को श्री वामन अवतार, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, अग्नि मंथन, हवन प्रारंभ, 03 फरवरी को बाललीला, गोवर्धन पूजा। 4 फरवरी को महारास लीला, रूकमणि विवाहोत्सव, 5 फरवरी को सुदामा चरित्र वर्णन एवं शुकदेव विदाई एवं व्यास पूजन एवं 06 फरवरी को प्रातःकाल पूर्णाहुति, सायंकाल भंडारा प्रसाद वितरण, पूर्णाहुति, विदाई समारोह कथा परायण समय सुबह 7.00 से 12.00 बजे तक- सायंकाल 2.00 से 6.00 बजे तक होगा। आयोजक ने समस्त धर्मप्रेमी जनों से धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्य लाभ लेने की अपील की गई है।

---

### जिले 37 ग्राम पंचायतों में लेबर नियोजन नही होने पर सीईओ ने जताई नाराजगी

# लापरवाही पर सख्ती : न्यून प्रगति पर उपयंत्री को नोटिस, रोजगार सहायक होंगे अवैतनिक

### श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराना सर्वोच्च प्राथमिकता से करें, कोताही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराना सर्वोच्च प्राथमिकता से करते हुए श्रमिक नियोजन में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाया जाना सुनिश्चित करें। जिन ग्राम पंचायतों में श्रमिक नियोजन में वृद्धि निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध किए जाने में लापरवाही बरती जा रही है, ऐसी ग्राम पंचायतों के ग्राम रोजगार सहायकों को अवैतनिक करें। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवसों के सृजन में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने योजनाओं की वर्चुअली समीक्षा करते हुए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए।




#### सीईओ ने कहा सतत निगरानी करें

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जनपद पंचायतों के सहायक यंत्री और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा कनेक्ट रहे। सुश्री कौर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी एक से डेढ़ माह में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सटीक और प्रभावी कार्य योजना तैयार करें। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने जनपद पंचायत कटनी की 11 एवं रीठी की 8 ग्राम पंचायतों एवं बड़वारा में मानव दिवसों के सृजन में स्थिति संतोषजनक नहीं होने के फल स्वरुप प्रतिदिन निगरानी करते हुए निर्धारित लक्ष्य को अर्जित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सुश्री कौर ने जिले की 37 ग्राम पंचायतों में लेबर नियोजन नही होने पर नाराजगी व्यक्त की जिसमें जनपद पंचायत बडवारा की 1 ग्राम पंचायत बहोरीबंद की 4 ग्राम पंचायतें जनपद पंचायत ढीमरखेडा की 13 ग्राम पंचायतें जनपद पंचायत कटनी की जनपद पंचायत रीठी की 8 ग्राम पंचायतें शामिल है। जिन ग्राम पंचायतों में आज लेबर नियोजन नही किया गया है उन ग्राम पंचायतों की जनपद सीईओ समीक्षा करें और कार्य नही करने वाले ग्राम रोजगार सहायकों को अवैतनिक करने की कार्यवाही की जाये।

#### लक्ष्य प्राप्त करने दिये निर्देश

पंचायत ढीमरखेड़ा के लेबर बजट की समीक्षा करते हुए उपयंत्री अनिल जाटव के कार्य क्षेत्र की प्रगति न्यून होने के कारण कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर उत्तर लेने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत बहोरीबंद की रोजगार मूलक स्थिति संतोषजनक होने के कारण और अधिक प्रयास करते हुए लक्ष्य को वित्तीय सत्र समाप्ति के पूर्व हासिल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि रोजगार मूलक कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर तकनीकी मानकों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराएं।

---



## खेलते समय रेत के नीचे दबने से मासूम की थम गई सांसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

बरही थाना क्षेत्र के ग्राम बहरघटा में गत शाम हादसे में 5 साल की बच्ची की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नदी किनारे खेलने के दौरान रेत का एक बड़ा टीला बच्ची पर गिर गया, जिससे वह मलबे में दब गई और दम घुटने से उसकी मौत हो गई। मृतक बच्ची मिथुन केवट की पुत्री बताई गई है। बताया जाता है कि बुधवार शाम करीब 7 बजे निशा अपने साथियों के साथ उमरार नदी के किनारे खेल रही थी। खेलते-खेलते अचानक वहां मौजूद रेत का एक विशाल टीला निशा के ऊपर गिर गया। इससे पहले कि साथ खेल रहे बच्चे कुछ समझ पाते या मदद के लिए शोर मचाते, निशा पूरी तरह से रेत के नीचे दब चुकी थी।

बच्चों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण और परिजन तुरंत मौके पर पहुँचे। कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को रेत के ढेर से बाहर निकाला गया। परिजन उसे आनन-फानन में तत्काल बरही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है। पुलिस ने अस्पताल से प्राप्त मेमो के आधार पर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

---

*विधायक ने ग्राम पंचायत को विधायक निधि की राशि की वितरित*

## 65 ग्राम पंचायतों में 1 करोड़ 50 लाख रूपये की राशि से होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

विधायक कार्यालय बहोरीबंद में विधानसभा अंतर्गत सरपंचो का सम्मेलन आयोजित हुआ जहाँ विधायक प्रणय पांडेय के द्वारा विधानसभा अंतर्गत 65 ग्राम पंचायतों को विधायक विकास निधि वर्ष 2025-26 की राशि विकास के लिए दी गईं। 65 ग्राम पंचायतों को 1 करोड़ 50 लाख रूपये की राशि विकास कार्यों के लिए वितरित की गईं। विधायक प्रणय पांडेय राशि से संबंधित स्वीकृति पत्रक सरपंचो को भेंट किये। विधायक ने सरपंचो को संबोधित करते हुये कहा कि गाँवों का सर्वागीण विकास हो इसके लिए हर संभव सहयोग किया जायेगा।



#### तस्वीर बदलने उठाया बीड़ा

भाजपा की डबल इंजन सरकार विकास कार्यों के लिए भारी भरकम राशि दे रही है। मेरे द्वारा भी विधानसभा बहोरीबंद की प्रत्येक ग्राम पंचायत का विकास हो इसके लिए विधायक विकास निधि राशि दी जा रही है। सभी सरपंच गण विकास कार्यों के साथ साथ सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाये इसका विशेष ध्यान रखें। सरकार की योजनाओं से हर पात्र हितग्राही लाभान्वित हो जिससे ग्रामीण अंचलो के गरीबों की तस्वीर बदले। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा जीरामजी योजना से ग्रामीण भारत की तकदीर व तस्वीर बदलने का बीड़ा उठाया गया है, जो ग्राम स्तर पर बहुत ही कारगर होगी।

कार्यक्रम समापन पर सभी सरपंचो ने विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार, दीपू शुक्ला,डॉ पीयूष अग्रवाल, मुकेश गर्ग, अमित पुरी गोस्वामी सहित भाजपा पदाधिकारी व सरपंचो की उपस्थिति रही।

---

### सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की गई कार्रवाई



माधवनगर में प्रशासन, पुलिस व नगर निगम के द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने कार्रवाई की गई। हास्पिटल लाइन में शासकीय भूमि पर कब्जा कर किए गए निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर किया गया। जानकारी के अनुसार हास्पिटल लाइन में खेपचंद मोटवानी नामक युवक के द्वारा लगभग 1600 वर्गफीट शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करके पक्का निर्माण कार्य कराया गया था। इस मामले में किशोर जियानी के द्वारा शिकायत की गई और मामले को हाईकोर्ट तक ले जाया गया। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद अवैध अतिक्रमण को तोडऩे के आदेश दिए। जिसके बाद खेमचंद को 4 बार नोटिस जारी कर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए लेकिन खेमचंद ने अतिक्रमण नहीं हटाया। गुरूवार को प्रशासन, पुलिस व नगर निगम की संयुक्त टीम बुलडोजर लेकर पहुंची और अतिक्रमण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, सीएसपी नेहा पच्चीसिया, तहसीलदार आशीष अग्रवाल, हर्षवर्धन रामटेके, माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे, पटवारी चंद्रशेखर कोरी, ब्रजबिहारी दुबे, दादूराम पटेल, विनीत सिंह बघेल सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

---

## कल्हैयाखुर्द में ग्राम उत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जन अभियान परिषद विकासखंड बहोरीबंद के सेक्टर क्रमांक–4 कौड़ियां के अंतर्गत ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान के तहत ग्राम कल्हैयाखुर्द में ग्राम उत्सव का आयोजन श्रमदान, नशा मुक्ति एवं समरसता भोज के माध्यम से किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कल्हैयाखुर्द के तत्वावधान में संपन्न हुआ।

परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल ने ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह अभियान पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शासकीय योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाना तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। इसी क्रम में विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर ग्राम उत्सवों का आयोजन किया जा रहा है।संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत विभागीय योजनाओं हेतु पात्र हितग्राही पंचायत स्तर पर अपने आवेदन कर सकते हैं। ग्राम कल्हैयाखुर्द के गहरी नरघी नाला में समिति द्वारा किए गए बोल्डर बंधान कार्य की सराहना की गई। कार्यक्रम में परामर्शदाता राम सिंह पटेल द्वारा उपस्थित जनों को नशा मुक्ति एवं मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।नवांकुर संस्था ग्राम विकास राय बहादुर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र दाहिया द्वारा प्रतिभाशाली युवाओं को अतिथियों के करकमलों से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी जनों ने समरसता भोज में सहभागिता की।



इस दौरान विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह, भूपेंद्र दाहिया, बहादुर सिंह, कमल सिंह, परामर्शदाता राम सिंह पटेल, रामेश्वर पटेल, सेव सिंह, अजमेर सिंह, जालम सिंह, नत्थू सिंह, प्रयाग सिंह, अमर सिंह आदि उपस्थित रहे।

---

*बीच बचाव करने पर महिला पर पेट्रोल छिड़क लगा दी थी आग*

## महिला पर जानलेवा हमला करने वाले तीनों आरोपितों को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

पेट्रोल डालकर महिला पर जानलेवा हमला करने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पीड़िता संतरा बाई पति दुर्जन कोल 50 वर्ष निवासी ग्राम छःघरा मझगंवा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 28 जनवरी की रात्रि लगभग 01:00 बजे गांव के राज रैकवार एवं मोनू रैकवार उसके दामाद देवीदीन को घर के बाहर गाली-गलौज कर रहे थे। गाली देने से मना करने पर दोनों आरोपी आक्रोशित हो गए। इसी दौरान भोला कोल भी मौके पर पहुंचा, जहां तीनों आरोपियों ने पीड़िता को जान से मारने की नीयत से उसके मुंह में पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया, जिससे उसके चेहरे पर आग लग गई और वह गंभीर रूप से झुलस गई। शोर सुनकर परिजन बाहर आए, तब आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता को तत्काल जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।



पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी बड़वारा उनि. के.के. पटेल को आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। निर्देशों के पालन में थाना स्तर पर विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने सघन तलाश कर घटना के 24 घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में भोला कोल पिता शिवकुमार कोल 19 वर्ष, राज रैकवार पिता राकेश रैकवार 20 वर्ष, मोनू रैकवार पिता राकेश रैकवार 19 वर्ष निवासी ग्राम छःघरा शामिल हैं। आरोपियों ने स्वीकार किया कि पीड़िता के दामाद से पुरानी रंजिश के चलते उन्होंने जान से मारने की नीयत से इस घटना को अंजाम दिया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. के.के. पटेल, सउनि रामनाथ साकेत, सउनि सतेंद्र सिंह, आरक्षक दीपक सिंह, आरक्षक बृजलाल प्रजापति, आरक्षक चालक शिवप्रकाश तिवारी, की विशेष भूमिका रही।

---

### ‘आत्मनिर्भर भारत–आत्मनिर्भर किसान’ विषय पर शैक्षणिक सेमिनार

## किसानों की आत्मनिर्भरता से ही अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा दो दिवसीय सेमिनार की श्रृंखला में गुरूवार को “आत्मनिर्भर भारत–आत्मनिर्भर किसान” विषय पर एक दिवसीय शैक्षणिक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों में कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं आत्मनिर्भरता से जुड़े समसामयिक मुद्दों की गहरी समझ विकसित करना था। यह सेमिनार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई के कुशल मार्गदर्शन एवं संरक्षण में तथा सेमिनार के निर्देशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित किया गया।



उद्घाटन सत्र में डॉ. त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसानों की आर्थिक, तकनीकी एवं सामाजिक आत्मनिर्भरता के बिना आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना अधूरी है। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक, विपणन सुविधाओं और नीतिगत सहयोग से सशक्त बनाकर ही देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की जा सकती है। वहीं सेमिनार को संबोधित करते हुए प्रो. अजय कुमार कुररिया ने विषय की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर किसान ही ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और समावेशी आर्थिक वृद्धि का आधार है। किसानों को उत्पादन के साथ-साथ प्रस्कंरण, भंडारण और विपणन से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम में प्रो. अजय कुमार कुररिया, प्रियंका गुप्ता एवं डॉ. अपेक्षा मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए किसानों के समक्ष विद्यमान चुनौतियों—जैसे लागत वृद्धि, बाजार अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन एवं तकनीकी जानकारी की कमी पर चर्चा की तथा इनके संभावित समाधानों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने सरकारी योजनाओं, डिजिटल कृषि, एफपीओ तथा नवाचार आधारित कृषि मॉडल को आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

सेमिनार में गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार और रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष पुनर्वसु भट्टाचार्य ने अपने उद्बोधन से विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। सेमिनार में मंच संचालन डॉ. रामसहोदर साकेत द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया, जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं अनुशासित रूप से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर एम.ए. प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा विषय पर आधारित पीपीटी प्रस्तुतियाँ दी गईं। प्रस्तुतियों में कृषि नवाचार, आत्मनिर्भर भारत अभियान, सरकारी कृषि योजनाएँ, डिजिटल कृषि, ई-मार्केटिंग तथा कृषि बाजार सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर तथ्यात्मक एवं विश्लेषणात्मक चर्चा की गई।

---



### देशभक्ति के गूंजे तराने, विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुतियाँ

**स्लीमनाबाद।** भारत निर्माण राष्ट्रीय विद्यालय स्लीमनाबाद में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाला स्कूल भारत निर्माण राष्ट्रीय विद्यालय में ध्वजारोहण के उपरांत कक्षा नर्सरी से दसवीं के छात्र -छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सुन्दर शिक्षा प्रद, देश भक्ति से ओतप्रोत रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। संस्कृति कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया । विद्यार्थियों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, कांग्रेस जिला ग्रामीण समस्या निवारण प्रकोष्ठ अध्यक्ष आदित्य दुबे, संतोष राजपाल, गंगाराम राजपाल, बलराम राजपाल , एमडी मनोज श्रीपाल, प्राचार्या पूजा राजपाल सहित शिक्षक स्टाफ़, गणमान्य अतिथियों, अभिभावकों एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही। विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, बच्चों के परीक्षा परिणाम, साँस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुतियों की सभी ने सराहना की।

## खबर संक्षेप

### तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु ग्रुप गठित

कटनी। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिये जिला स्तर पर गेहूँ उपार्जन में आने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने टेक्नीकल सपोर्ट ग्रुप का गठन किया है। जारी आदेश के अनुसार गठित टेक्नीकल सपोर्ट ग्रुप में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव, सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष कुमार शुक्ल, खाद्य विभाग के ऑपरेटर सूर्य प्रताप बागड़े व शुभम पाठक व एमपीएससीएससी ऑपरेटर शेखर श्रीवास्तव को शामिल किया गया है। यह दल जिला स्तर पर धान उपार्जन में आने वाले तकनीकी समस्याओं का समाधान व निराकरण करेगा।

### रबी उपार्जन की निगरानी हेतु समिति गठित

कटनी। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ पंजीयन के क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया है। जिला स्तरीय उपार्जन समिति पंजीयन की समस्त प्रक्रिया हेतु उत्तरदायी होगी। कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा गठित जिला स्तरीय उपार्जन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होगे। जबकि जिला आपूर्ति अधिकारी सदस्य सचिव और सदस्य के तौर पर जिला लीड बैंक अधिकारी, उपसंचालक कृषि, सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी व म.प्र. वेयर हाउस लॉजिस्टक कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक, अधीक्षक भू अभिलेख और सचिव कृषि उपज मंडी को सदस्य बनाया गया है।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु बैठक आज

कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार 30 जनवरी को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली आयोजित करने के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम आयुक्त, वनमंडल अधिकारी, एसडीएम कटनी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### खेल प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

कटनी। के.सी.एस उच्चतर माध्यमिक शाला में तीन दिवसीय आनंद महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा स्वच्छता गतिविधियों में शाला की छात्राओं एवं स्टाफ नें उत्साह के साथ भाग लिया। शाला प्राचार्य श्रीमती रूप भास्कर ने जनकारी देते हुए बताया कि आनंद महोत्सव के प्रथम दिवस 24 जनवरी को निर्धारित रूपरेखा अनुसार विभिन्न खेलकूंद प्रतियोगिता खो-खो प्रतियोगिता, कबड्डी, रस्सी दौड़ आदि का आयोजन किया गया। विभिन्न वर्गो हेतु आयोजित इन प्रतियोगिताओं में शाला की छात्राओं की उत्साहजन भागीदारी देखनें को मिली। वहीं महोत्सव के दूसरे दिवस राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गायन एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के दौरान छात्राओं नें एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

### शहीद दिवस पर रखा जाएगा दो मिनट का मौन

कटनी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में शुक्रवार 30 जनवरी को शहीद दिवस के अवसर पर प्रातः 11 बजे दो मिनिट का मौन रखा जाएगा। इस दौरान काम और आवागमन बंद कर दिया जाएगा। दो मिनट के मौन की अवधि शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जाएगी। सायरन 10.59 बजे से 11 बजे तक बजाए जायेंगे और दो मिनट के बाद, 11.02 बजे से 11.03 बजे तक पुनः ऑल क्लियर सायरन बजाए जायेंगे। सिग्नल (जहां उपलब्ध हो), सुनकर सभी व्यक्ति खड़े हो जायेंगे और मौन धारण करेंगे। जिन स्थानों पर सिग्नल प्रणाली की कोई व्यवस्था नही होगी, वहां पूर्वान्ह 11 बजे दो मिनट का मौन रखने के लिए संबंधितों को निर्देश दिये जाएंगे।

---

938 जल नमूनों की जांच, 23 ओवरहेड टैंकों सफाई, 37 ट्यूबवेल का हुआ सुधार

# सतत निगरानी : दूषित पानी से कोई न हो बीमार, जल स्त्रोतों से लिये जा रहे सेंपल

## स्वच्छ जलापूर्ति की दिशा में नगर निगम प्रशासन मुस्तैद, गंदे पानी की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

दूषित पानी के उपयोग से लोग बीमार न हो एवं कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए प्रशासन अलर्ट है। इंदौर में हुई घटना के बाद से जिला एवं नगर निगम प्रशासन लगातार पेयजल सप्लाई की जांच के साथ ही जल स्त्रातों की सतत निगरानी में जुटा हुआ है। रोजाना सेम्पल लेकर गुणवत्ता की जांच की जा रही है। गंदे पानी की सप्लाई होने की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

नगर निगम कटनी द्वारा जन स्वास्थ्य को सर्वोपरि मानते हुए नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की ही आपूर्ति करने के मुस्तैदी के साथ प्रयास किये जा रहे है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर प्रतिदिन विभिन्न वार्डो से जल नमूनों के संग्रहण के कार्य के साथ ही, पेयजल स्त्रोतों की सफाई, लीकेज आदि का सुधार कार्य कराया जाकर नागरिकों को की जाने वाली जलापूर्ति व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जाकर



व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के प्रयास अनवरत जारी है।

### 938 वाटर सेंपल की कराई जांच

सहायक यंत्री सुधीर मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में शुद्ध जल आपूर्ति को देखते हुए जल प्रदाय शाखा की संयुक्त टीमों द्वारा रोजाना ही शहर में विभिन्न माध्यमों ओवरहेड टैंक, ट्यूबवेल, पानी की टंकी से की जाने वाली पेयजल सप्लाई और अंतिम छोर के घरों से पानी के लगभग 938 सैंपल लिये जाकर प्रयोगशाला से गुणवत्ता की जांच कराई जा चुकी है। इस दौरान कहीं भी पानी की गुणवत्ता में जरा सी भी आशंका होने पर वहाँ तत्काल सप्लाई रोककर सुधार का कार्य भी कराया जा रहा है। जल विभाग की टीमें 24 घंटे अलर्ट मोड पर कार्य कर रहीं हैं ताकि जनसामान्य को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### शुद्ध जलापूर्ति हेतु प्रयास

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर नगर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु नगर निगम प्रशासन पूरी तरह सक्रियता से कार्य कर रहा है। शहर के विभिन्न वार्डो में पाइप लाइनों के निरीक्षण के दौरान कहीं भी सुधार की आवश्यकता प्रतीत होने पर तत्काल सुधार का कार्य किया जा रहा है। विशेष रूप से उन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, जहाँ से गंदे पानी या पाइप लाइन लीकेज की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके साथ ही विभिन्न वार्डो के 23 ओवरहेड टैंक, संपवेल की सफाई के साथ ही 37 ट्यूबवेल का सुधार कार्य कराया गया है। वहीं लीकेज सुधार से संबंधित 267 शिकायतों पर प्राथमिकता के साथ सुधार कार्य कराया गया है। नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर निगम प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर अथवा अन्य किसी माध्यम से पेयजल संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सुधार कार्य कराया जा रहा है।

कार्यपालन यंत्री श्री मिश्रा ने बताया कि आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम प्रशासन की प्राथमिकता है इस हेतु जल प्रदाय शाखा की टीमें हर क्षेत्र में सक्रिय हैं। नागरिकों से भी अपील है कि यदि कहीं लीकेज या गंदे पानी की समस्या दिखे, तो तुरंत निगम के हेल्पलाइन नंबर 9351136230 पर सूचित करें ताकि समय रहते सुधार किया जा सके।

---



# बेहतर कैरियर बनाने के लिए किया मार्गदर्शन

**शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढीमरखेड़ा में 5 दिवसीय कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

सरकार की पहल पर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा देने हेतु आयोजित 5 दिवसीय कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढीमरखेड़ा में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। कार्यक्रम का 29 जनवरी को तीसरा दिन रहा। कार्यक्रम के तीसरे दिन विभिन्न महाविद्यालयों से आए अतिथि व्याख्याताओं ने छात्र–छात्राओं को कैरियर संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

व्याख्याताओं ने उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार के अवसरों तथा विषय चयन को लेकर विस्तार से जानकारी दी और विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य में किए जाने वाले कैरियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना, उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार सही दिशा दिखाना है। काउंसलिंग सत्रों के माध्यम से छात्रों को आत्मविश्वास बढ़ाने और लक्ष्य निर्धारण में सहायता मिली।

विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस पहल को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को सही निर्णय लेने में सहायक सिद्ध होते हैं। छात्र–छात्राओं ने भी कार्यक्रम के प्रति उत्साह दिखाया और इसे भविष्य निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

---

**आयोजित सम्मेलन मे बड़ी संख्या में लोगों ने की सहभागिता**

# हिंदू सम्मेलन में राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर हुआ विचार मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में उमरियापान नगर के अँधेली बाग खेल मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने सनातन, देशभक्ति और सामाजिक परिवर्तन को लेकर अनेकों सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

मुख्य वक्ता प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख लक्ष्मीकांत ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता पर विस्तार से चर्चा की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हिंदुत्वन किसी जाति तक सीमित है और न ही केवल पूजा पद्धति तक, बल्कि यह एक जीवन पद्धति है,



जिसका मूल सूत्र "सर्वे भवन्तु सुखिनः" और "वसुधैव कुटुम्बकम" है। उन्होंने इतिहास के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि समय के साथ चुनौतियों और शक्तियों का स्वरूप बदलता रहता है, लेकिन हिंदू चेतना सनातन बनी रहती है। उन्होंने प्रकृति के दोहन को केवल आवश्यकता तक सीमित रखने पर बल देते हुए कहा कि हिंदू विचारधारा मूलतः वैज्ञानिक और संतुलित है।डॉ. हेडगेवार के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के गुलाम होने के मुख्य कारण समाज की आत्मविस्मृति, संगठन और अनुशासन का अभाव तथा स्वाभिमान की कमी रहे हैं।

उन्होंने आह्वान किया कि आज आवश्यकता है स्वदेशी अपनाने की, अपनी भाषा और संस्कृति पर गर्व करने की तथा राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को समझने की।इसके अलावा भागवताचार्य उधवदास गर्ग, शिक्षाविद सिद्धार्थ गौतम, प्राचार्य डॉ.आरती धुर्वे ने भी सनातन संस्कृति,हिंदुत्व मानवता, प्रकृति संरक्षण,राष्ट्र निर्माण और विश्व कल्याण को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किये।

इस मौके पर विभाग संघ चालक विपिन बिहारी तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह,सोहन सिंह, विजय दुबे,कालूराम चौरसिया, ब्रजेश पटेल,राजेश ब्यौहार, कमलेश चौरसिया, प्रदीप चौरसिया,ज्ञानचंद चौरसिया, अज्जू चौरसिया, राजीव काछी,जवाहर कुशवाहा,विजय गुप्ता,प्रशांत राय, आशीष चौरसिया,नरेंद्र त्रिपाठी, मनीष बागरी, योगेंद्र सिंह मौजूद रहे।

---

## हनुमान चालीसा पाठ एवं नर्मदा पूजन का आयोजन



मां नर्मदा प्राकट्य उत्सव के पावन अवसर पर मुहास स्थित संकटनाशन धाम में संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ एवं नर्मदा पूजन का श्रद्धा-भक्ति से परिपूर्ण आयोजन संपन्न हुआ।इस अवसर पर ज्ञान तीर्थ आश्रम विलायत कलां से पधारे वीरेंद्र त्यागी महाराज ने कहा कि हनुमान चालीसा का नियमित पाठ जीवन में आत्मबल, संयम और सकारात्मक चेतना का संचार करता है। उन्होंने इसे प्रत्येक परिवार की दैनिक साधना से जोड़ने का आह्वान किया।कार्यक्रम में ज्ञान तीर्थ के संरक्षक, प्रतिष्ठित समाजसेवी पंडित प्रकाश भौमिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। संत सुरेंद्रदास महाराज ने हनुमान चालीसा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं रजनीश शास्त्री ने इसके मानसिक व आध्यात्मिक लाभों को सरल शब्दों में श्रद्धालुओं के समक्ष रखा।कार्यक्रम का सफल संयोजन विपिन तिवारी द्वारा किया गया। संगीतमय प्रस्तुति में नंदू खनताल एवं उनके साथियों ने भक्तिमय भजनों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से पांच बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, तत्पश्चात मां नर्मदा का विधिवत पूजन एवं प्रसाद वितरण हुआ।

---

# उपायुक्त नें वसूली बढ़ाने अमले को दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा राजस्व वसूली कार्य की प्रगति की समीक्षा की जाकर निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हर हाल में करने निर्देश दिये गए। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि निगमायुक्त महोदया द्वारा वसूली अमले को पहले ही टारगेट दिये जा चुके है, यदि निर्धारित टारगेट को पाना है तो रोजाना मेहनत करना होगी, तभी सफलता मिल सकेगी।

नगर निगम कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक, लेखाधिकारी श्रीकांत तिवारी सहित राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक सहित अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक



द्वारा वार्डवार वसूली कार्य की तुलनात्मक जानकारी से अवगत कराया गया। उपायुक्त श्री गुप्ता द्वारा वार्डवार संपत्तिकर वसूली की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर कम वसूली करने वाले कर संग्राहकों के विरुद्ध नाराजगी जाहिर की जाकर संबंधितों के वेतन आहरण रोकने एवं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उपायुक्त श्री गुप्ता ने वसूली कार्य को गंभीरता से लेकर रोजाना वार्ड के करदाताओं से संपर्क करने तथा जिन करदाताओं के द्वारा अभी तक बकाया संपत्ति कर की राशि जमा नहीं की गयी है, उनके विरुद्ध तेज गति से नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। इस दौरान संपत्ति कर की राशि लंबे समय से जमा नहीं करने वालों के नाम सार्वजनिक करने, की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया जाकर करदाताओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अवकाश के दिनों में भी निगम के कैश काउंटर खुले रखने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने उपस्थित कर्मचारियों को वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने के निर्देश दिये

---

**ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित**

# अभ्युदय अभियान की दी जानकारी, खेलकूल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

विकासखंड ढीमरखेड़ा के सेक्टर क्रमांक-03 सिलोड़ी के अंतर्गत ₹ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान₹ के तहत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नेगई द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन ग्रामवासियों के साथ किया गया।

परिषद के ब्लाक समन्वयक श्रीमती बबीता शाह द्वारा 12 से 26 जनवरी तक पखवाड़े के रूप में संचालित ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह अभियान संपूर्ण प्रदेश में चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से शासकीय योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाने एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का



लाभ दिलाने का उद्देश्य है। इसी क्रम में विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर ग्राम उत्सवों का आयोजन किया जा रहा है। सहायक सचिव द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया। पुलिस विभाग के अनिल पाण्डे द्वारा नशा मुक्ति एवं साइबर अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई। जानकारी सत्र के उपरांत, समिति द्वारा पारंपरिक खेलकूद के माध्यम से ग्रामोत्सव का आयोजन किया गया।

### पारंपरिक खेलों का आयोजन

ग्राम पंचायत नेगई में ग्राम की महिलाओं के मध्य कुर्सी दौड़ तथा पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। गतिविधियों में बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राम लोचन राय, विशिष्ट अतिथि सुशील कुमार साहू तथा पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समिति द्वारा कार्यक्रम के समापन पर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जन चेतना विकास संस्था के सेक्टर प्रभारी, विकास हल्दकार, परामर्शदाता मुकेश सिंह वरकड़े, सत्येंद्र सिंह राजपूत, जीआरएस भागचंद दुबे, सचिव अजय सिंह बागरी, सरपंच श्रीमती रुग्गो बाई, सरपंच प्रतिनिधि गणेश प्रसाद पूर्व सरपंच राय, उप सरपंच बलराम बागरी, बीएसडब्ल्यू छात्र शविजय सिंह बागरी, बसंत सिंह, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राम शरण राजभर, प्रस्फुटन समिति के सचिव सीताराम राजभर, सदस्य नाथूराम राजभर, समिति सदस्य बाल गोविन्द, सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

**महाविद्यालय में मनाई गईं सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती**

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे निराला, हिंदी साहित्य के थे छायावाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में सुर्यकान्त त्रिपाठी निराला की जयंती बसंत पंचमी के अवसर पर मनाई गईं। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना व सूर्य कांत त्रिपाठी निराला के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने कहा कि सूर्य कांत त्रिपाठी निराला हिंदी साहित्य में छायावाद के चार प्रमुख स्तंभों में से एक, विद्रोही और क्रांतिकारी कवि, उपन्यासकार व निबंधकार थे।निराला ने छंद मुक्त कविता की शुरुआत की।

उनका जीवन भीषण संघर्षों और दुखों से भरा रहा, जो उनकी रचनाओं में करुणा और विद्रोह



बनकर उभरा। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का जन्म वसंत पंचमी के दिन महिषादल, बंगाल में हुआ था। उन्होंने महिषादल हाई स्कूल में शिक्षा प्राप्त की, लेकिन पारंपरिक शिक्षा पद्धति में उनकी रुचि नहीं थी। बाद में उन्होंने बंगाली माध्यम से शिक्षा प्राप्त की।निराला जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे एक विद्रोही कवि माने जाते हैं, जिन्होंने सामाजिक अन्याय और शोषण के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया।

### नया आयाम दिया

उन्होंने हिंदी कविता को बंगाली के प्रभाव से मुक्त कर उसे नया आयाम दिया। उनकी भाषा तत्सम प्रधान (हिंदी) से लेकर आम बोलचाल (भिक्षुक) तक विस्तृत थी। निराला जी की प्रमुख काव्य कृतियाँ -परिमल, गीतिका, अनामिका, तुलसीदास, कुकुर मुत्ता,बेला, अर्चना, आराधना, गीताकुंज आदि ।

निराला ने कविता के अतिरिक्त कहानियाँ और उपन्यास भी लिखे। उनके उपन्यासों में बिल्लेसुर बकरिहा विशेष चर्चित हुआ। उनका संपूर्ण साहित्य निराला रचनावली के आठ खंडों में प्रकाशित हो चुका है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान डॉ किरण खरादी,डॉ प्रीत नेगी, डॉ प्रीति यादव, डॉ भारती यादव सहित महाविद्यालय स्टॉफ व छात्र -छात्राओं की उपस्थिति रही।

---

# अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

उच्च शिक्षा विभाग एवं मध्य प्रदेश शासन की योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक एवं स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष इस योजना के अंतर्गत एससी-एसटी वर्ग के विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है जिससे वे बिना किसी आर्थिक बाधा के अपनी शिक्षा निरंतर जारी रख सकें।

उक्त क्रम में इस वर्ष महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ॰ श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में पुस्तकालय विभाग, प्रभारी लाइब्रेरियन श्रीमती ज्योति ताम्रकार द्वारा निःशुल्क पुस्तक



वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ॰ (श्रीमती) सुषमा श्रीवास्तव द्वारा स्वयं विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण कराया गया, जिससे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं प्रेरणा देखने को मिली।

इस अवसर पर डॉ॰ अरुण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तकें विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान, संस्कार एवं आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार होती हैं। शासन की यह योजना सामाजिक न्याय एवं समान अवसर प्रदान करने की दिशा में अत्यंत सराहनीय है।

उन्होंने विद्यार्थियों से प्राप्त पुस्तकों का नियमित अध्ययन में उपयोग करने, अनुशासन अपनाने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कौशल विकास पर ध्यान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में धीरज डिकोनिया, नीरज गोल्हानी एवं डॉ॰ ज्योति सोनी द्वारा भी विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व एवं लक्ष्य निर्धारण पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

**खास बातें**

## दमयंती व्याख्यान माला यादों में दमोह आज

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा हमें यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि दमयंती व्याख्यान माला कार्यक्रम के अंतर्गत "यादों में दमोह" विषय पर एक विशेष व्याख्यान माला 30 जनवरी 2026 को सायं 04 बजे ऑडिटोरियम प्रधानमंत्री श्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस दमोह में आयोजन किया जा रहा है। इस गरिमामयी अवसर पर हमारे बीच मुख्य वक्ता के रूप में एस. एन. मिश्रा आई ए एस अध्यक्ष – मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन आयोग (पूर्व अपर मुख्य सचिव तथा वर्ष 1998 में दमोह के कलेक्टर रहे) अपनी स्मृतियों, अनुभवों एवं प्रशासनिक यात्रा से जुड़े विचार साझा करेंगे। उन्होंने कहा यह व्याख्यान न केवल दमोह के अतीत को स्मरण करने का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि नगर के सामाजिक-प्रशासनिक विकास की झलक भी प्रस्तुत करेगा। उन्होंने आप सभी से विनम्र अनुरोध किया है, इस विचारोत्तेजक एवं स्मृतिपूर्ण कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति देकर आयोजन की शोभा बढ़ाएँ।

## राज्य प्रशासनिक इकाई पुर्नगठन आयोग की बैठक आज

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों से कहा है राज्य प्रशासनिक इकाई पुर्नगठन आयोग भोपाल की अध्यक्षता में आज 30 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। उन्होने समस्त अधिकारियों से कहा नियत समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित किया जाये।

## श्री मनसा पूरन नर्मदेश्वर शिवालय में हुआ प्रभात फेरी संकीर्तन

**दमोह ।** नगर में श्री गौर राधा रमण जी की प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी नगर में निकलती है इसी क्रम में प्रत्येक गुरुवार को विवेकानंद नगर श्री शिव पिपलेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर श्री मनसा पूरन नर्मदेश्वर महादेव शिवालय विवेकानंद कॉलोनी सिविल वार्ड 06 दमोह में आज शिवालय में समापन संकीर्तन हरि हर मिलन से हुआ। जहां पर सभी कॉलोनी वासियों ने पुष्प वर्षा कर श्री राधे जी की भव्य अगवानी की। गौर राधा रमण भक्त मंडल द्वारा श्री राधे संकीर्तन पर भजन कीर्तन पर खूब नाचे । उसके बाद गौर राधा रमण जी और श्री शिव जी की आरती कर सभी कॉलोनी वासी श्री जी राधे जी संग श्री राधे राधे मंडल का स्वागत किया। उसके बाद पूज्य महाराज जी के द्वारा आज जया एकादशी व्रत के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

## इंद्र के अहंकार को भंग करने श्री कृष्ण ने की गोवर्धन लीला- पं संजय शास्त्री

**दमोह ।** बटियागढ़ के श्री शिव मंदिर बजरंग अखाड़ा में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन बाल कृष्ण जी के बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए माखन चोरी, गोपी प्रसंग , गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास श्री संजय शास्त्री जी महाराज ने श्रद्धालुओं को यह कथा सुनाई। कथा व्यास जी महाराज ने बताया कि गोवर्धन पूजा का प्रसंग भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र के अहंकार को भंग करने और ब्रजवासियों की रक्षा से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर मूसलाधार वर्षा से सभी ब्रजवासियों की रक्षा की थी। इस घटना के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ और उन्होंने भगवान कृष्ण से क्षमा मांगी। तभी से गोवर्धन पर्वत और गायों की पूजा की परंपरा आरंभ हुई, जिसे अन्नकूट पर्व के नाम से भी जाना जाता है।

# कलयुग के प्रत्यक्ष देवता है हनुमान जी-प्राची देवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

देव संकट मोचन बड़े हनुमान जी मंदिर बासाकलां में मंहत रघुनंदन गिरि नागाजी महाराज के सानिध्य में यज्ञाचार्य प्रदीप जी महाराज व विद्वानों के मार्गदर्शन में 21 से 30 जनवरी तक चलने वाले 1008 श्री श्री मारुति महायज्ञ के आठवें दिन श्री हनुमान जी कथा पर प्राचीदेवी ने कहा कि अगर जो व्यक्ति हनुमान जी की शरण में पहुँच कर प्रतिदिन जाप करता है, तो उसे हनुमान जी महाराज की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इसलिए तुलसीदास ने हनुमान चालीसा में लिखा है कि सब सुख लहै तुम्हारी सरना, तुम रक्षक काहू को डरनाङ्ख इस चौपाई का जाप करने से व्यक्ति को हनुमान जी महाराज की विशेष कृपा रहती है,जीवन में सुख की प्राप्ति होती है किसी प्रकार डर नहीं रहता।पहला





सुख निरोगी काया, दूसरा सुख जेब में हो माया। यदि काया अर्थात शरीर रोगी है तो आप धन कैसे कमाएंगे। यदि पहले से ही अपार धन है तो वह किसी काम का नहीं। धन से कोई रोग नहीं मिटता है, शरीर स्वस्थ और सेहतमंद है तभी तो आप जीवन का आनंद ले सकेंगे। घूमना-फिरना, हंसी-मजाक, पूजा-प्रार्थना, मनोरंजन आदि सभी कार्य अच्छी सेहत वाला व्यक्ति ही कर सकता है। यज्ञ मंडप की परिक्रमा दर्शन करने श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ मंहत रघुनंदन गिरि नागाजी के सान्निध्य में आयोजित श्री मारुति महायज्ञ क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केन्द्र बना हुआ है। आठवें दिन गुरुवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए उमड़ा जनसैलाब इस तथ्य की प्रमाणिकता को सिद्ध कर रहा था। हालांकि इस धार्मिक कार्य में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की सहभागिता काफी अधिक रही। यज्ञस्थल पर श्रद्धा एवं विश्वास के साथ पूजा-अर्चना कर श्रद्धालु परमानंद की अनुभूति प्राप्त करते नजर आए। आज के लिए निर्धारित कर्मो को सम्पन्न कराया गया। यज्ञ मंडप में वैदिकों के मंत्रोच्चारण से वायुमंडल गुंजायमान हो रहा है। इस दौरान भगवान हनुमान जी, के जयघोष एवं हर-हर महादेव से पूरा गुंजायमान होता रहा। इस अवसर पर रघुनंदन गिरि नागाजी महाराज ने भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यज्ञ मंडप की परिक्रमा से पूर्ण होती हैं मनोकामनाएं।

विशाल भंडारा का आयोजन आज हनुमान जी प्रांगण में यज्ञ के समापन के अवसर पर विशाल भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन 30 जनवरी को रखा ।

## विशाल पंच कुंडात्मक शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ का आयोजन

**तेंदुखेडा/ झलौन।** झलोन। क्षेत्र में धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना के प्रसार हेतु विशाल पंच कुंडात्मक शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह महायज्ञ 27 जनवरी से 2 फरवरी तक झलोन से लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित ओरिया मॉल में विधिवत रूप से संपन्न होगा। महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन



वैदिक मंत्रोच्चार, हवन, पूजन एवं रुद्राभिषेक जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की भावना का विस्तार करना है। इस पावन आयोजन में सहभागिता हेतु धनेटा मॉल, झलोन, गुहची, अचलपुरा, सेहरी, हरदुआ, ससना कला, ढाना, बिसनाखेड़ी, नन्हे, ससना खुर्द, तापनी, बगदरी, डुकरसता, घुटरिया, राजा गुवरा, सारा, सरसैया, सोमखेड़ा, लकलका, सुरादेही सहित आसपास के अनेकों ग्रामों के श्रद्धालुओं को आमंत्रण पत्र भेजे गए हैं। आयोजन समिति लक्ष्मी पटेल श्याम पटेल मुकेश पटेल राजकुमार पटेल द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से परिवार सहित महायज्ञ में पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## सर्किट हाउस पहाड़ी पर नवीन नियमित योग कक्षा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पतंजलि योग समिति के द्वारा संचालित दमोह जिले के वी आई पी क्षेत्र सर्किट हाउस पर नवीन नियमित योग कक्षा का शुभारंभ दमोह जिले के कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर जी की पावन उपस्थिति में 26 जनवरी प्रातः 6:30 पर दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ किया गया। पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष पंडित कृष्ण कुमार परोहा, मुख्य प्रशिक्षक उस्ताद राकेश जैन, बेलाताल टापू योग प्रशिक्षक महेश पाठक जी, बृजेश सिंह चौहान ,पंडित विनोद दुबे, राज्य दान संग्रह प्रभारी डॉक्टर केदारनाथ शर्मा, मुख्यमंत्री योग केंद्र प्रशिक्षक नीरज जैन, महिला प्रभारी श्रीमती सरस्वती धुर्वे, पूर्व मुख्य योग प्रशिक्षक वैध रसीद खान, दीपक सिंह राजपूत, विश्वनाथ धुर्वे , मनोज नायक जी सहायक लोक अभियोजन अधिकारी एवं उनकी पुत्री कुमारी पूर्वा नायक, दत्तात्रेय मंदिर पुजारी पंडित राजू मिश्रा की उपस्थिति में योग शिविर की शुरुआत योगिक जागिंग, भस्त्रिका, कपालभाति, वाह्य प्राणायाम, अग्निसार क्रिया, उज्जाई प्राणायाम, कर्ण पीड़ान्तक, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, उदगीथ प्रणव का ध्यान के पश्चात मंडूकासन, हास्यासन के साथ योग कक्षा का समापन शांति पाठ के साथ किया गया। योग कक्षा प्रभारी एवं पतंजलि समिति के अध्यक्ष पंडित कृष्ण कुमार परोहा ने बताया कि सर्किट हाउस पर यह हमारी स्थाई द्वितीय योग कक्षा है प्रथम योग कक्षा दत्तात्रेय मंदिर में विगत कई वर्षों से संचालित है। जिसमें उस्ताद राकेश जैन एवं केदार शर्मा डॉक्टर केदार शर्मा जी अपनी निरंतर सेवाएं देते हैं। यह नवीन योग कक्षा प्रतिदिन सुबह 6:30 से 7:30 तक संचालित होगी, जिसमें सर्किट हाउस पर सुबह जो भी योग साधक घूमने आते हैं। वह यहां नियमित योग कक्षा में योग प्राणायाम एवं आसान का लाभ लेकर के अपने जीवन को निरोगी बना पाएंगे, पतंजलि योग समिति सभी नगर वासियों से नियमित योग कक्षा में योग प्रशिक्षण का लाभ लेकर अपना निरोगी जीवन बनाने की अपील करती है।

## भागवत कथा में श्री कृष्णा रुक्मणी विवाह संपन्न

**हिंडोरिया।** नगर के वार्ड नंबर 3 में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक ने महारास, भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस वध, उद्धव गोपी संवाद और रुक्मणी विवाह जैसे प्रसंग का संगीतमय एवं भावपूर्ण पाठ किया। कथावाचक पंडित रघुनाथ दास रोहित नारायण मिश्रा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण पापों को नष्ट कर जीवन में सद्गुणों भक्ति एवं नैतिकता को जागृत करता है माता-पिता के द्वारा दिए गए अच्छे संस्कार बच्चों को महान बनाते हैं जो समाज को सुख शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करते हैं माता-पिता अपने बच्चों को आदर्श संस्कारों से सुसज्जित कर राष्ट्र को विश्व गुरु बनाने का मार्ग दिखाना चाहिए बच्चों को दुर्व्यशनों से दूर रखना ही अच्छी परवरिश है बच्चों को सुबह उठकर बड़ों के पैर छूने और उनके प्रति आदर सम्मान करने की सीख दें। बच्चों में संस्कारों की नींव रखने की जिम्मेदारी माता एवं पिता की है जो उन्हें बचपन से ही मर्यादा और नैतिक मूल्य सिखाते हैं संस्कारहीन शिक्षा व्यर्थ है इसलिए बच्चों को जीवन में सफलता के साथ-साथ अच्छे संस्कार देना सर्वोपरि है संस्कार केवल शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति भी लाते हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारते हंस आज की युवा पीढ़ी में संस्कारवान बनने के लिए भागवत कथा का श्रवण बेहद आवश्यक है जब कथा का श्रवण प्रेम एवं श्रद्धाभाव से किया जाता है तो यह मन के विकारों को नष्ट कर हृदय को प्रसन्नता से भर देता है जिस से घर में सकारात्मकता आती है और नकारात्मक शक्तियों का अभाव नष्ट होता है और घर में सुख शांति आती है उन्होंने आगे उद्धव गोपी का संवाद सुनाते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने उद्धव को ब्रज में गोपियों के प्रेम का महत्व समझाने और गोपियों को निराकार ब्रह्म का योग संदेश देने के लिए भेजा वे उन्हें अनेक तरह से समझाते हुए योग की शिक्षा देते हैं तब गोपियों ने योग को कड़वी ककड़ी की तरह निरर्थक बताया और स्पष्ट रूप से कहा कि वह श्री कृष्ण के सगुण रूप के बिना कुछ भी नहीं जानती। उद्धव ने गोपियों के बिरह में उनके प्रेम को दिखा गोपियों ने सिद्ध किया कि निराकार ब्रह्म से बढ़कर श्री कृष्ण प्रेम है। उद्धव ज्ञान के मद में आए थे लेकिन गोपियों का निश्छल प्रेम देखकर मंत्रमुग्ध हो गए उन्होंने गोपियों की भक्ति को नतमस्तक होकर प्रणाम किया और उनसे आशीर्वाद मांगा अंत में प्रार्थना की कि अगले जन्म में उन्हें वृंदावन की घास ,झाड़ी के रूप में जन्म मिले ताकि गोपियों के चरणों की धूल उन पर पढ़ सके। उन्होंने आगे भगवान श्री कृष्णा रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री थी जो कृष्ण को मन ही मन अपना पति मान चुकी थी अपने भाई रुक्मी के विरोध के बावजूद उन्होंने एक ब्राह्मण के माध्यम से कृष्ण को प्रेम पत्र भेजा इसके बाद भगवान ने उनका हरण कर विवाह किया यह विवाह जीवात्मा का परमात्मा से मिलन का प्रतीक है कथा के दौरान भगवान श्री कृष्णा और रुक्मणी की सुंदर-सुंदर झांकियां प्रतिरूप स्वरूप सजाई गई और महिलाओं भक्तों ने विवाह के मंगल गीत भजनों पर जमकर नृत्य किया इस दौरान भारी आतिशबाजी की गई कथा के दौरान सेन परिवार के साथ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

## नायब तहसीलदार ने की विद्यार्थियों से 'परीक्षा पर चर्चा'



**दमोह।** शासकीय हाई स्कूल भाट खमरिया में विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा ने विद्यार्थियों से ₹परीक्षा पर चर्चा₹ विषय पर बात की। तहसीलदार श्री वर्मा ने छात्रों को अध्ययन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए अपने दोस्तों से बात करने और यदि फिर भी समझ में न आए तो अपने विषय शिक्षकों से संपर्क करके प्रश्न हल करने की सलाह दी, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महत्वपूर्ण जानकारी को स्पष्ट और संक्षिप्त भाषा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। इसी दौरान कुछ विद्यार्थियों ने तहसीलदार से अपने भविष्य की तैयारी के लिए जानकारी मांगी, तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा ने सभी प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपना संपर्क नंबर भी दिया और कहा कि शिक्षा संबंधी किसी भी समस्या के लिए वे उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं, और वे समस्याओं को हल करने का पूरा प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य कमल सिंह ठाकुर, सुरजीत सिंह ठाकुर, मदन मोहन द्विवेदी, रामरतन मिश्रा, राजदीप तिवारी, जाहर अहिरवाल, रूद्रप्रताप सिंह सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## स्कूल में कॅरियर काउंसलिंग मेले का हुआ आयोजन



**हटा।** स्कूल शिक्षा विभाग एवं लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशों के अनुपालन में शासकीय हाई स्कूल लिधौरा में कक्षा 9वीं एवं 10वीं अध्ययनरत विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं उत्तीर्ण होने के उपरांत आगामी अध्ययन हेतु पाठ्यक्रम चयन विकल्पों एवं पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से उपस्थित अतिथियों एवं काउंसलर टीचर्स के द्वारा बताया गया। करियर काउंसलिंग से परिचय व यूट्यूब लिंक के माध्यम से उपस्थित स्टूडेंट्स को कैरियर से संबंधित निर्मित विडियोज को दिखाया गया। उक्त 5 दिवसीय करियर काउंसलिंग मोटिवेशन /मेले कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल लिधौरा के प्रभारी प्राचार्य प्रीतम गोस्वामी,अतिथि के रूप में माध्यमिक शाला से जगपाल सिंह राजपूत, हाई स्कूल लिधौरा से नोडल शिक्षक राजकुमार बिदोल्या, रंजीत सिंह अहिरवार व समस्त शिक्षकों व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## कक्षा 12वीं की छात्राओं को दी समारोहपूर्वक विदाई

**जबेरा।** नगर में मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में रहकर अध्ययन करने वाली कक्षा 12वीं की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर छात्रावास में रह रही 34 बालिकाओं का स्वागत छात्रावास में रहकर अध्ययन करने वाली बालिकाओं के द्वारा पुष्प वर्षा कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य जवाहरलाल प्रधान पौड़ी मानगढ़ प्राचार्य रामकिंकर शर्मा छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती सुलेखा अवस्थी एवं उमेश अवस्थी के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन किया गया। सरस्वती पूजन के उपरांत छात्रों के द्वारा विदाई गीतों एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किये जिसने मंचासीन अतिथियों एवं दर्शक दीर्घा में उपस्थित जन समूह को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य, पौड़ी मानगढ़ प्राचार्य के अलावा चित्तर सिंह ठाकुर, अभिषेक शर्मा, अमित सेन ,भूपेंद्र भदौरिया, के अलावा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्टाफ सहित छात्रावास का स्टाफ एवं बालिकाओं के अभिभावको के उपस्थिति रही कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक राजेश जैन के द्वारा किया गया।

# गणतंत्र दिवस पर पटेरा में आन बान शान से फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

नगर में 77 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सभी शासकीय अर्धशासकीय राजनैतिक कार्यालयों में ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण किया गया। तत्कालीन कार्यालय में प्रभारी तहसीलदार ने पुलिस थाना में थाना प्रभारी ने स्टाफ की उपस्थिति में ध्वज फहराया। सीएम राईज माडल संदीपनी विद्यालय में प्राचार्य विवेक नेमा ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे। उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य वंदना भोज ने, पीएम श्री कन्या विद्यालय में प्राचार्य सुरेन्द्र कटहरे ने, स्वास्थ्य विभाग में बीएमओ श्री बागरी ने बीईओ कार्यालय में विकासखंड शिक्षा अधिकारी आई एल अठ्या ने, जनपद शिक्षा केंद्र में समन्वयक दिलीप उपाध्याय ने, ध्वज फहराया व मिष्ठान वितरण किया। जनपद पंचायत कार्यालयीन में जनपद अध्यक्ष मल्लो बाई आदिवासी ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजेश पटेल लंबरदार, सांसद प्रतिनिधि गनेश पटेल सहित जनपद सदस्य स्थानीय नगर के जनप्रतिनिधि जनपद में पंचायत निरीक्षक अंगद सींग सहित उपयंत्री, मनरेगा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नगर परिषद में हुआ ध्वजारोहण

नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष कमलरानी दुलीचंद अहिरवार ने ध्वज फहराया। राष्ट्रगायन पश्चात गगन भेदी देश प्रेमी नारे लगाये गये। मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, पुष्पेंद्र सोनी सहित पार्षदगण सभापति व स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सीएमओ प्रेम सिंह चौहाने ने सभी का आभार माना।





### मुख्य समारोह में जनपद अध्यक्ष ने फहराया ध्वज

परंपरानुसार गांधी चौक पर मुख्य समारोह आयोजित किया गया। सभी प्रमुख शासकीय शालाओ के विद्यार्थी, शिक्षक, जनप्रतिनिधि शामिल थे। जनपद अध्यक्ष मल्लोबाई आदिवासी ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष राजेश पटेल लंबरदार, गनेश पटेल, राजा ताम्रकार, सावित्री उपाध्याय, मधु दुबे, कमलरानी/दुलीचंद, सरस्वती चौरसिया, ममता आदिवासी सहित पं दीपक उपाध्याय, दीपक ताम्रकार, पुष्पेन्द्र सोनी, नरेन्द्र बजाज, मोहन ताम्रकार, नन्दे चौरसिया, सत्यम सिंह, शंकर तंतुवाय, पार्षदगण, अधिकारी कर्मचारी भाजपा मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारी, गोविंद चौरसिया, सचिन ताम्रकार, जनपद कर्मचारी सीएमओ प्रेम सींग चौहान व नपा कर्मचारी उपस्थित रहे।

पंचायत निरीक्षक अंगद सींग लोधी ने अध्यक्ष उपाध्यक्ष के निर्देश पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। सभी विद्यार्थियों शिक्षकों व आम नागरिकों ने मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश को सुना। तत्पश्चात सभी विद्यार्थी अपनी अपनी शालाओं में क्रमबद्ध होकर गये जहां विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से दर्शकों में खुशी दिखी।

### उत्कृष्ट विद्यालय प्रस्तुतियों ने बांधा समां

पटेरा नगर के उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस पर मन मोहक प्रस्तुतियों विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं दयाशंकर चौबे ने की। प्राचार्य वंदना भोज, निशु नागोत्रा, राज ताम्रकार, लक्ष्मण विश्वकर्मार राजा विश्वकर्मा सहित शिक्षक स्टाफ ने अतिथियों व अध्यक्ष का स्वागत किया।

### विद्यार्थियों के एक ग्रुप ने की नारेबाजी डाजा व्यवधान

अच्छे चल रहे कार्यक्रम के दौरान अचानक दम से पद्रंह विद्यार्थियों के एक ग्रुप ने आकर जयकारा व नारेबाजी कर कार्यक्रम में व्यवधान डाला जिससे अतिथियों ने तत्काल पुलिस को लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग कर दी। गौर हो कि छात्रों का यह ग्रुप पिछले कई माह से अपनी असामाजिक गतिविधियों शाला में मनमानी करता रहता है जिसकी शिकायत पालकों तक पहुंचाने के बाद भी कोई सुधार नहीं हो रहा है।

## पटेरा ब्लॉक कांग्रेस ने मनाया गणतंत्र दिवस



**पटेरा।** नगर पटेरा में प्रति वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन पटेरा ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में किया गया, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नंदेलाल चौरसिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया तथा देश की एकता, अखंडता एवं संविधान के प्रति निष्ठा का संदेश दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नंदे लाल चौरसिया ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के संदेश को उपस्थित जनसमूह के बीच साझा किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। ध्वजारोहण के पश्चात सभी ने एकत्रित होकर गांधी चौक पर आयोजित मुख्य ध्वजारोहण समारोह में शामिल हुये।

## शाखा प्रबंधक ने फहराया ध्वज

**पटेरा।** जिला सहकारी केंन्द्रीय बैंक शाखा पटेरा में शाखा प्रबंधक जितेन्द्र द्विवेदी ने ध्वज फहराया। राष्ट्रगान कर मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर बैंक कर्मचारी, समिति प्रबंधक व कृषक बडी संख्या में शामिल थे। सेवा सहकारी समिति पटेरा में समिति प्रबंधक वीरेन्द्र दुबे ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक जितेन्द्र द्विवेदी, प्रवीण जी, श्री अठ्या, बलराम रैकवार, पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज पत्रकार, अभिषेक सोनी, मोहनलाल विश्वकर्मा लटोरी चौरसिया, हरीसींग लोधी, जाहर सिंह सहित कृषकगण उपस्थित रहे। सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।



**खास बातें**

### विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 31 जनवरी को

**दमोह।** शैल्बी हास्पिटल जबलपुर एवं युवक क्रांति संगठन सम्यक हैल्थ केयर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर दिनांक 31 जनवरी शनिवार को प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे तक स्थानीय प्यासी मंदिर कॉम्पलेक्स आशीर्वाद गार्डन के बाजू में आयोजित किया जा रहा है उक्त विज्ञप्ति आयोजक सुधीर विद्यार्थी, एवं डा. अकलेश जैन,डॉ केदार नाथ शर्मा,ने प्रसारित करते हुए बताया कि विश्व प्रसिद्ध जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ.विक्रम शाह की टीम के विशेषज्ञ डॉ विकास सावला (हडडी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ एवं डिपार्टमेंट ऑफ न्यूरोसर्जरी डॉ.एस.के शेरेकर अपनी निःशुल्क सेवाएं देंगे।साथ ही इस अवसर पर रक्त परीक्षण एवं मधुमेह जाँच निःशुल्क की जाएेगी जिसका लाभ दमोह वासियों से लेने की अपील की है।

### पूर्णाहुति के साथ हुआ विशाल भंडारा

**दमोह।** स्थानीय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पूर्व शिक्षा विभाग परिसर दमोह में 22 जनवरी से प्रारंभ श्री शतचंडी महायज्ञ यज्ञ पूर्णाहुति 27 जनवरी को हुई 28 जनवरी को विशाल भंडारा हुआ जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की इस पुण्य कार्य में मंदिर पुजारी पंडित अजय गर्ग समिति अध्यक्ष पंडित आर के मिश्रा, उपाध्यक्ष पंडित नरेंद्र नायक, सचिव पंडित पी, एल, दुबे, डॉ स्थापक जी, पंडित रवि शंकर दुबे, रामप्रकाश मिश्रा, सोमनाथ पांडे, पूरन लाल तिवारी, प्रशांत संडे आर्यन गर्ग, पंडित चंद्र गोपाल पौराणिक, आशीष दत्त कटारे,रामावतार तिवारी, दुर्गेश तिवारी, कमलेश तिवारी, आशीष शास्त्री, जुगल तिवारी, कैलाश प्यासी, विकाश पांडे, कृष्णकांत गौतम, दीपक त्रिवेदी, एवं जागेश्वर धाम बांदकपुर से पधारे पंडित श्री रामकृपाल पाठक, पंडित कुंजी लाल डिम्हा, पंडित रवि शास्त्री, एवं अनेक विद्वान पंडितों की व भक्तों की उपस्थिति रही।

सागोनी के जंगल में मिला था फाइनेंस कंपनी के कलेक्टर एजेंट का शव

# जंगल में मिले शव को लेकर परिजनों को गोली मारे जाने का संदेह, 1 लाख 14 हजार भी गायब

### तेजगढ़ थाना क्षेत्र इमलिया चौकी के पुलिस कर रही मामले की जांच, परिजनों ने की आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



मंगलवार बुधवार को एक फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट की हत्या हो गई शव सागोनी के जंगल में मिला शव देखकर लग रहा था जैसे पत्थरों से कुचलकर हत्या की गई है। हालांकि परिजन का कहना है कि लूट के इरादे से गोली मारकर हत्या की गई है पुलिस ने जांच शुरू कर दी है मामला दमोह जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र की इमलिया चौकी अंतर्गत का है दरअसल पटेरा थाना क्षेत्र के कूड़ई गांव का विनोद अहिरवार फ्यूजन फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट था। यह कंपनी महिलाओं के स्वयंसहायता समूहों को कर्ज देती है। विनोद पिछले छह महीने से टोरी और सगोनी गांवों में कलेक्शन का काम कर रहा था। परिजन ने बताया कि विनोद मंगलवार सुबह कलेक्शन के लिए निकला था। इसके बाद शाम को उसका फोन बंद हो गया। उसकी तलाश शुरू की। कंपनी वालों से भी संपर्क किया। पूरी रात खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा था।

### चरवाहे ने शव देखकर सरपंच को सूचना दी

जंगल में एक चरवाहे ने शव को देखा। चरवाहे ने फौरन इसकी सूचना ग्राम के सरपंच को दी सरपंच ने पुलिस को लाश मिलने की जानकारी दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव की शिनाख्त कर परिजन को सूचित किया। इसके बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे।

### परिजन बोले- सिर के पास छेद, गोली मारी

मृतक के चचेरे भाई सुनील अहिरवार ने बताया कि विनोद के सिर के पास एक छेद था, जिससे गोली मारे जाने का संदेह है उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपियों ने लूट के मकसद से हत्या की है। सिर पर दो बड़े पत्थर भी पटके थे मृतक के बड़े भाई सुदामा अहिरवार ने बताया कि छोटे भाई विनोद के पास एक लाख 14 हजार रुपए कैश थे। यह कलेक्शन के पैसे थे। वह पैसे भी भाई की जेब से नहीं मिले तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया की पत्थर से कुचलकर हत्या की गई है हत्या का मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कंपनी बोली- कलेक्शन के रुपए नहीं मिले

फ्यूजन कंपनी के एरिया मैनेजर अमन मिश्रा ने बताया कि विनोद के पास एक लाख 14 हजार रुपए का कलेक्शन था जो नहीं मिला। मंगलवार शाम जब उसका मोबाइल बंद हुआ तो उन्होंने परिजन से जानकारी ली, लेकिन उन्हें भी कुछ पता नहीं था बुधवार दोपहर पता चला कि उसकी हत्या कर दी गई है। कलेक्शन के पैसे भी नहीं मिले हैं।

### चाहते हैं कि पुलिस आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करें

परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की मृतक के पड़ोसी रामेश्वर विश्वकर्मा ने बताया कि विनोद का एक बेटा और एक बेटी है। वह बेहद सीधा-साधा था और पूरे परिवार की जिम्मेदारी उसी पर थी। उसका एक भाई मजदूरी करता है और दोनों मिलकर वृद्ध माता-पिता की देखभाल करते थे। जिस तरह से विनोद की हत्या की गई है, उससे पूरा गांव सदमे में है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपियों ने पैसे भी लूट लिए और गांव के बेटे की जान भी ले ली। उन्होंने पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## जिले की सभी 102 पैक्स समितियां पूर्णतः ई-पैक्स घोषित

**दमोह।** भारत सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना पैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजनान्तर्गत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, दमोह से सम्बद्ध समस्त 102 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों द्वारा शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण कर पूर्णतः ई-पैक्स घोषित कर दी गई है।

*भारत सरकार की पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना के तहत तय समय सीमा में कार्य पूर्ण, शून्य प्रतिशत ब्याज पर 293.60 करोड़ रूपये का ऋण वितरण*

जिला सहकारी बैंक मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि शासन के दिशा-निर्देशानुसार कम्प्यूटराईजेशन से समितियों के कार्यों में पारदर्शिता आएगी एवं समस्त कार्य सुगमता से पूर्ण किये जा सकेंगे। वर्तमान में कार्यालय आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थायें, मध्यप्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशानुसार समितियों को पूर्णतः ऑनलाईन कर मैन्यूअल कार्य बंद करने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होने बताया जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, दमोह से सम्बद्ध समस्त 102 सहकारी समितियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में के.सी.सी. योजनान्तर्गत शासन की मंशानुसार (0) शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कुल राशि 293.60 करोड़ लगभग का ऋण वितरण कृषकों को किया जा चुका है। जो गत वर्ष 2024-25 से राशि 25.39 करोड़ लगभग अधिक है। उन्होने बताया जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, दमोह से सम्बद्ध शाखाओं एवं समितियों के माध्यम से शासन की मंशानुसार कृषि सावधि ऋण एवं अकृषि ऋण वितरण करना प्रारम्भ कर दिया गया है।

## कलयुग में प्राणी केवल हरि का नाम लेने मात्र से मोक्ष प्राप्त कर सकता है: पं गणेश प्यासी



**गैसाबाद।** कलयुग केवल नाम अधारा सुमर - सुमर नर उतरहु पारा, कलयुग में केवल प्राणी श्रीहरि का नाम लेने मात्र से इस भवसागर से पार हो सकता है ये उक्त उदगार ग्राम कचनारी सिद्धेश्वर धाम में 23 जनवरी 2026 से चल रही है। श्रीराम कथा के आज विराम दिवस पर कथा व्यास पंडित गणेश प्रसाद प्यासी जी ने व्यास पीठ से कहे कथावाचक पंडित गणेश प्यासी ने श्री राम जानकी जी के विवाह का सुंदर वर्णन करते हुए, धनुष यज्ञ की कथा सुनाई। प्रतिवर्ष बसंत पंचमी को होने वाली इस राम कथा से क्षेत्र वासियों की आस्था जुडी हुई है विराम दिवस की कथा में जनपद सदस्य प्रतिनिधि गोलू उपाध्याय सरपंच प्रतिनिधि नोने सिंह राजपूत निलेश उपाध्याय विश्वजीत सिंह मनोज सिंह रूपराम सेन बिहारी पाल बलराम आदिवासी सहित क्षेत्रवासियों एवं बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

## महिलाएं हाथों में शस्त्र लेकर शत्रुओं को बताए कि हम किन वीरांगनाओं के वंशज है: साध्वी सरस्वती देवी

### विशाल हिन्दू सम्मेलन में वक्ताओं ने रखे अपने विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संघ के शताब्दी वर्ष की कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित हो रहे हिन्दू सम्मेलनों में गुरुवार को दमोह नगर का विशाल हिन्दू सम्मेलन नगर के पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में आयोजित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए और वक्ताओं के विचारों को सुना। आयोजन का प्रारंभ भारत माता, राम दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण कर हुआ। इसके बाद मंच पर सभी समाज और वर्ग प्रमुखों के रूप में आमंत्रित अतिथियों स्थान ग्रहण कराकर उनका स्वागत किया गया। मंचीय कार्यक्रमों की प्रस्तुति में बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित नृत्य नाटिका और कविताओं की प्रस्तुति दी और समापन भारत माता की आरती और सहभोज के साथ किया गया।




### सनातन में करें घर वापसी सभी करेंगे स्वागत

इस दौरान प्रमुख वक्ताओं के रूप में पधारे साध्वी सरस्वती देवी, राष्ट्रीय सेविका समिति शैलजा दीदी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक प्रभात जी ने अपने विचार रखे। साध्वी सरस्वती देवी ने कहा कि धर्म छोड़ने वाला कहीं भी जाए, कही भी रहे लेकिन मृत्यु के बाद पंच महाभूतो में ही मिलना होगा। मैं आज सभी सनातन छोड़ने बालों से अनुरोध करती हूं कि सनातन में घर वापसी कर लो। यहां सभी हिन्दू आपका तिलक लगाकर स्वागत करेंगे। उन्होंने महिलाओं से कहा कि हमारे धर्म में सात जन्मों के बंधन की होता है जिसे आज जेंडर इक्वलिटी के नाम पर तोड़ा जा रहा है। परिवार की नारी यदि महान होगी तो बेटा भी महान होगा। जीजाबाई ही शिवाजी को तैयार कर सकती है। हमें शर्म आनी चाहिए कि हम भारत के रहकर उस स्कूल में बच्चों को भेजते है जहां हिंदी बोलने पर फाइन लगता है, हमें अंग्रेजी भाषा से कोई आपत्ति नहीं है लेकिन स्व भाषा का अभिमान हमें रखना होगा। उन्हें मंत्र और धार्मिक ग्रन्थ का ज्ञान कराना होगा। बच्चे मोबाइल के प्रभाव में है और इसकी लत का शिकार है, पहले ऐसा नहीं था क्योंकि मां अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाती थी। बच्चे अश्लील गाने गा रहे है और उसपर रील बना रहे है, ऐसे में समाज को बचाना है तो उससे 10 वर्ष तक मोबाइल से दूर रखिए। बच्चों को सुपरमैन नहीं हनुमान जी महराज की बात बताओ। महिलाएं आगे आकर कुटुंब प्रबोधन के लिए कार्य करें। महिलाएं अपने हाथ में कटार लेकर शत्रुओं को बताए कि हम किन वीरांगनाओं की बंशज है। जो भी हम पर बुरी नजर डाले उसे बताए कि हम अपने सम्मान और इज्जत के लिए क्या कर सकते है। कार्यक्रम की दूसरी वक्त शैलजा दीदी ने कहा कि हिंदू समाज के परिवारों में संस्कृति और रिश्तों में कमी इसलिए वृद्धाश्रम बन रहे है। आज हमें राष्ट्र के लिए जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने पंच परिवर्तन विषय पर अपने विचार रखते हुए इनसे जुड़ी बातों को अपने जीवन में उतारने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हमें अपनी चेतना को जगाना होगा और राष्ट्र के संबंध में सोचना होगा। हम हिन्दू भाषा, जाति प्रांत में विभाजित है, हमें विमर्श कर इसे बदलना होगा तब हम पुनः अपनी भारत माता को परम वैभव की ओर लेकर जाएंगे। लोगों के समकक्ष सह प्रांत प्रचारक ने कहा कि अपनी स्थापना पर संघ ने कभी इतनी लंबी यात्रा के संबंध में नहीं सोचा, संघ को रोकने और प्रतिबंधित करने और कुचलने के प्रयास हुए लेकिन हम हमेशा खड़े हुए। उसके बाद लोगों ने संघ के विचारों को स्वीकार करना शुरू किया और आज समाज में संघ की स्वीकारोक्ति है।

### धर्म और देशभक्ति की प्रस्तुतियां

मंचीय कार्यक्रमों में सनातन और देशभक्ति से जुड़ी प्रस्तुतियां आयोजन का विशेष आकर्षण रही। ऑपरेशन सिंदूर, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई पर आधारित नृत्य नाटिका के साथ मातृशक्ति का धार्मिक गीतों पर नृत्य के साथ देशभक्ति और सनातन पर आधारित कविताओं का वाचन को लोगों द्वारा सराहा गया।

## महाशिवपुराण: त्याग, करुणा और मानवता का शाश्वत संदेश — पं. आशीष कृष्ण चरणानुरागी जी

**बनवार।** ग्राम बम्होरी माला में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के दौरान श्रद्धालुओं को समुद्र मंथन प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और प्रेरणादायक वर्णन सुनाया गया। कथा वाचक पं. आशीष कृष्ण चरणानुरागी जी महाराज ने इस दिव्य प्रसंग के माध्यम से भगवान शिव की करुणा, त्याग और लोककल्याण की भावना को सरल एवं प्रभावशाली शब्दों में प्रस्तुत किया। कथा में बताया गया कि देवताओं और असुरों ने अमृत प्राप्ति के उद्देश्य से समुद्र मंथन का संकल्प लिया। मंदराचल पर्वत को मथानी और वासुकी नाग को रस्सी बनाकर मंथन प्रारंभ हुआ। मंथन के दौरान सर्वप्रथम भयंकर हलाहल विष प्रकट हुआ, जिसकी तीव्रता से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया और समस्त प्राणी भयभीत हो उठे। इस महाविपत्ति के समय सभी देवताओं ने भगवान शिव की शरण ली। तब भगवान शिव ने सृष्टि की रक्षा हेतु उस विष का पान कर लिया, किंतु उसे अपने कंठ में ही धारण किया, जिससे वे नीलकंठ कहलाए। यह प्रसंग भगवान शिव के महान त्याग, साहस और संसार के प्रति उनकी अपार करुणा का अद्भुत उदाहरण है। पं. आशीष कृष्ण चरणानुरागी जी महाराज ने कहा कि समुद्र मंथन की कथा आज के युग में भी हमें यह संदेश देती है कि सच्ची महानता वही है, जो दूसरों के कष्ट को अपना समझकर स्वयं त्याग करे। भगवान शिव इसी कारण देवों के देव महादेव कहलाते हैं। कथा के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर "हर-हर महादेव" के जयघोष करते रहे। भजन-कीर्तन और शिव महिमा के गुणगान से पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। श्री शिव महापुराण कथा के माध्यम से क्षेत्रवासियों को धर्म, भक्ति, सदाचार और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिल रही है।

### सरस्वती शिशु मंदिर में उमंग उत्साह से मनाया गणतंत्र दिवस

**हटा ।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संविधान की महिमा और उसके मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में श्री रामकृष्ण शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ संजय राजपूत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया इसके पश्चात विद्यालय के भैया बहनों द्वारा मार्चपास्ट पीटी का शानदार प्रदर्शन किया गया। इसके उपरांत विद्यालय की प्राचार्य श्रीमति संगीता यादव ने विद्यार्थियों को संविधान निर्माण की प्रक्रिया से लेकर अब तक हुए संशोधनों की जानकारी दी और संविधान को जीवंत दस्तावेज बताते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डाला एवं संविधान की व्यापकता, लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा नागरिकों को प्रदत्त मौलिक अधिकारों की विस्तार से जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से राष्ट्रहित में सदैव सजग, सक्रिय और उत्तरदायी नागरिक बनने की अपील की। कार्यक्रम में संस्था के व्यवस्थापक मनीष सिंघई, अभिषेक नेमा, रीतेश अग्रवाल, डॉ बीएल नेमा, प्रशांत फौजदार, हरिनारायण नेमा, अजित जैन, नंदन पंडा, पूर्व प्राचार्य जितेंद्र मोहन श्रीवास्तव सहित विद्यालय के आचार्य, दीदी एवं विद्यालय के समस्त भैया बहनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन आचार्य श्री घनश्याम प्रजापति द्वारा किया गया।

### डालचंद असाटी का निधन



**हिनौताकलां।** हिनौताकलां के प्रतिष्ठित डालचंद असाटी का 72 वर्ष की उम्र में अल्प बीमारी के पश्चात आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे पुत्र पवन, गगन सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार में सभी वर्ग के नागरिकों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## नोहलेश्वर महोत्सव की तैयारियां शुरू



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम नोहटा में आयोजित होने वाले नोहलेश्वर महोत्सव की तैयारी प्रारंभ हो गई है ज्ञात हो कि इस महोत्सव का आयोजन मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के द्वारा किया जा रहा है यह आयोजन आगामी 5 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक चलेगा। इस मैला महोत्सव में देश के प्रख्यात कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे मेला महोत्सव में मां पीतांबरा जन सेवा समिति भोपाल के संचालक वैभव सिंह सिसोदिया के द्वारा दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है इस मेला में कलाकारों सहित जलपरी हांट, एयर बलून, मारुति सर्कस,भूत बंगला, एडवेंचर एक्टिविटी, के साथ अन्य मनमोहक एवं आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा।

## भगवान की भक्ति की ज्योति जलाते रहना चाहिए-नीरज नयन



**दमोह।** शहर के असाटी वार्ड-1 स्थित संस्कार भवन में आयोजित तृतीय दिवस की कथा सम्पन्न हुई। इस पावन बेला में पूज्य महाराज श्री श्रद्धेय नीरज नयन (श्रीधाम वृंदावन) के द्वारा कपिल देव हुती संवाद का गान किया गया.ध्रुव चरित्र सती चरित्र आदि का गान किया गया.साथ में ही सुखदेव जी महाराज की पावन चर्चा का गाना करते हुए विशेष रूप से प्रहलाद चरित्र का गान हुआ. मुख्य प्रसंग यही है प्रहलाद की भक्ति प्रतिकूलताओं की भक्ति है,इतने विघ्न आए उनके जीवन में और कोई बाहर से सताने वाला नहीं घर में ही लोग परेशान करने वाले थे. इसके बाद भी उन्होंने अपनी भक्ति का त्याग नहीं किया. इसका अर्थ है कि जिनका जीवन में भक्ति करना है उनको कितनी भी विषमताएं आऐ उन विषमताओं का सामना करते हुए भगवान की भक्ति की ज्योति जलाते रहना चाहिए.मुख्य श्रोताओं में श्रीमती राजमति स्व.कमलेश असाटी,गीता टेकचंद असाटी,विमला स्व.कुंजीलाल, उषा द्वारका, सुहागरानी स्व.हरिशंकर, अहिल्या असाटी और समस्त असाटी समाज दमोह है।

## साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन



**सिंग्रामपुर।** शासकीय रानी दुर्गावती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंग्रामपुर में मंगलवार को कैरियर मार्गदर्शन मेला, जनसंवाद एवं साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को विद्यालयीन शिक्षा के बाद सही कैरियर चयन हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें विभिन्न कैरियर विकल्पों की जानकारी दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जबलपुर से आए दामोदर कुशवाहा ने मेडिकल कोर्स एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। वहीं देवराज सिंह, वेल्डर ट्रेनर नोहटा ने तकनीकी एवं ट्रेड आधारित पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय के प्राचार्य श्री केशव प्रसाद मेहरा ने साइबर जागरूकता के अंतर्गत विद्यार्थियों को मोबाइल व इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी और किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी सोशल मीडिया या अज्ञात व्यक्तियों के साथ साझा न करने की समझाइश दी। वरिष्ठ अधिकारियों में विकासखंड जबेरा महाविद्यालय के श्री पंकज प्रमीन ने छात्रों को खेल क्षेत्र में कैरियर की संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे और सभी छात्र-छात्राओं को भविष्य में अच्छे पदों पर पहुंचकर क्षेत्र व समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

## छात्रावास में दी कुष्ठ रोग की जानकारी

**दमोह।** शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास दमोह में छात्राओं को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षक बीएम दुबे ने बताया कि कुष्ठ रोग साध्य है तथा बहु औषधि उपचार के नियमित सेवन से यह ठीक हो जाता है, उन्होंने कुष्ठ रोग के लक्षण एवं बचाव के बारे में एक गीत के माध्यम से जानकारी दी, एनएमए केआर पाण्डेय ने बताया कि कुष्ठ रोग माइकोबैक्टेरियम लेप्रा नामक जीवाणु से पैदा होता है तथा इस रोग में चमड़ी के रंग से फीका पीला या गुलाबी दाग होता है जिसमें सुन्नपन होता है, एनएमए संजय दुबे ने कुष्ठ के प्रकार पीबी एवं एमबी के बारे में बताया साथ ही कुष्ठ के बारे में फैली भ्रांतियों की जानकारी दी। इस मौके पर छात्रावास की अधीक्षिका रचना अहिरवार एवं छात्राओं की मौजूदगी रही।

## पांच दिवसीय शिव अनुष्ठान सम्पन्न

### असंख्य पार्थिव शिवलिंग का किया गया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



नगर के मुकरवा मोहल्ला में पांच दिवसीय शिव अनुष्ठान के तहत पवित्र मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है। दोपहर में विधि विधान से अभिषेक और पूजन किया जाता है शाम को दीप दान कर तालाबों के घाटों पर विधि विधान के साथ विशर्जन किया जाता है इस दौरान भक्तों द्वारा ओम नमः शिवाय के जयकारे गूंजते है । इसके बाद शाम को प्रवचन होते है । आचार्य मनोज तिवारी ने बताया कि विशेष धार्मिक अवसरों पर मनोकामना पूर्ति,नगर वाशियो की सुख स्मृद्धि और आरोग्य की प्राप्ति के लिए यह अनुष्ठान किया गया है उन्होंने आगे कहा कि पार्थिव शिवलिंग पूजन से सभी कष्टों का अंत और अकाल मृत्यु का डर एवं मानसिक शारीरिक दुखों का अंत होता है जो भक्त विशेष पर्वों या साधारण दिनों में भी शिवलिंग पर ओम नमः शिवाय मंत्र के साथ जल चढ़ता है उसके जीवन से दरिद्रता और दुखों का अंत निश्चित है शिवलिंग पूजा से मन एकाग्र होता है और भौतिक संसार की उलझनों से निकलर दिव्यत्व की ओर ध्यान जाता है भगवान शिव भोले भंडारी है जो मात्र बेल पत्र से प्रसन्न होकर भक्तों को निहाल कर देते है। पांच दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर संगीतमय सुंदरकांड के साथ हवन पूजन और कन्या भोज के साथ भंडारा किया गया ।